रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-22102026-277351
CG-DL-E-22102026-277351

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 635] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 19, 2026/आश्विन 27, 1948
No.635] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 19, 2026/ASVINA 27, 1948

भारतीय उपचर्या परिषद्

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर, 2026

फा.सं. 11–1/2026 (II) –आईएनसी.— समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) की धारा 16(1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय उपचर्या परिषद् एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, यथा :–

1. लघु शीर्षक और प्रवर्तन

i. ये विनियम **भारतीय उपचर्या परिषद् (ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम) विनियम, 2026** कहे जाएंगे।

ii. ये विनियम भारत के राजपत्र में इनकी अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होंगे।

2. परिभाषाएं

इन विनियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

i. 'अधिनियम' का अभिप्राय समय–समय पर यथासंशोधित भारतीय उपचर्या परिषद् अधिनियम, 1947 (1947 का XLVIII) से है;

ii. 'परिषद्' का अभिप्राय अधिनियम के तहत गठित भारतीय उपचर्या परिषद् से है;

iii. 'एसएनआरसी' का अभिप्राय संबंधित राज्य सरकारों द्वारा किसी भी नाम से गठित राज्य उपचर्या एवं प्रसाविका पंजीकरण परिषद् से है;

iv. 'आरएन एंड आरएम' का अभिप्राय एक पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम) से है और एक ऐसे नर्स को दर्शाता है जिसने मान्यता प्राप्त नर्सिंग स्नातक (बी.एससी. नर्सिंग) या डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) पाठ्यक्रम, जैसा कि परिषद् द्वारा निर्धारित किया गया हो, सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो और किसी एक एसएनआरसी में पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका के रूप में पंजीकृत हो;

v. 'नर्स पंजीकरण एवं ट्रैकिंग प्रणाली (एनआरटीएस)' का अभिप्राय भारतीय उपचर्या परिषद् द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी), भारत सरकार के सहयोग से विकसित सॉफ्टवेयर प्रणाली से है, जिसे भारतीय उपचर्या रजिस्टर के रखरखाव व संचालन के लिए एनआईसी द्वारा हॉस्ट किया गया है। इसमें पंजीकृत उपचर्या एवं पंजीकृत प्रसाविका (आरएन एंड आरएम)/पंजीकृत सहायक नर्स मिडवाइफ (आरएएनएम)/पंजीकृत महिला स्वास्थ्य परिदर्शिका (आरएलएचवी) के आंकड़ों के संग्रह के लिए 'आधार' बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर आधारित मानकीकृत प्रारूप हैं;

vi. 'एनयूआईडी' का अभिप्राय एनआरटीएस द्वारा प्रत्याशी को दिया जाने वाला नर्सेज यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर से है;

vii. 'जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम)' का अभिप्राय परिषद् द्वारा अधिनियम की धारा 10 के तहत स्वीकृत तथा अधिनियम की अनुसूची के भाग–1 में शामिल डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी प्रशिक्षण से है।

ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम

I. प्रस्तावना

आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल में, जीवन शैली में तेजी से बदलाव के कारण स्वास्थ्य जरूरतें तेजी से बदल रही हैं, जिसका रोग वृद्धि, उनकी प्रक्रियाओं और उपचार के तरीकों पर महत्वपूर्ण असर पड़ रहा है। उन्नत सर्जिकल प्रक्रियाओं और प्रोद्योगिकी ने उपचार के तरीकों में अहम भूमिका निभाई है। जैसे–जैसे सर्जरी अधिक जटिल और तकनीकी पर आधारित होती जा रही है, दुनिया भर के स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में कुशल ऑपरेशन रूम नर्सों की मांग काफी बढ़ गई है और ऑपरेशन थिएटर में प्रशिक्षित विशेषज्ञ नर्सों की आवष्यकता होती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति दस्तावेज (एनएचपी, 2017) में विशेषज्ञ नर्स तैयार करने और नर्सों के नैदानिक प्रशिक्षण को मानकीकृत करने पर जोर दिया गया है। इसके प्रत्युत्तर स्वरूप, परिषद् ने मौजूदा विशिष्ट नर्सिंग कार्यक्रमों को योग्यता पर आधारित प्रशिक्षण दृष्टिकोण अपनाते हुए एक–वर्षीय पोस्ट बेसिक डिप्लोमा आवासीय कार्यक्रमों के रूप में परिवर्तित करने की योजना बनाई है। ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग का उद्देश्य ऐसे विशेषज्ञ नर्स तैयार करना है जो सर्जरी करवा रहे विभिन्न जटिलताओं से ग्रसित रोगियों को सक्षम देखभाल प्रदान कर सकें।

इंट्राऑपरेटिव देखभाल तब शुरू होती है जब रोगी ऑपरेटिंग रूम में आता है तथा सर्जरी पूरी होने और रिकवरी एरिया में स्थानांतरित होने तक चलती है। इंट्राऑपरेटिव देखभाल इसलिए आवष्यक है क्योंकि यह रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करती है, चोट और प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाती है और रोगी को सर्जरी के बाद की जटिलताओं से बचाती है। इसके अलावा, इंट्राऑपरेटिव देखभाल दलीय तालमेल और दक्षता को बढ़ावा देती है। यह तालमेल सर्जरी की अवधि को कम करने में मदद करता है और देखभाल की गुणवत्ता को बढ़ाता है।

इंट्राऑपरेटिव नर्सिंग सुरक्षित और सफल सर्जिकल अभ्यास की आधारषिला है। इंट्राऑपरेटिव नर्स सर्जिकल दल के महत्वपूर्ण सदस्य होते हैं, जो सर्जन, एनेस्थेटिस्ट और स्वास्थ्य देखभाल दल के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर सर्जिकल प्रक्रिया सुरक्षित, कुशल और प्रभावी ढंग से की जाए। वे किसी भी बदलाव या जटिलता पर तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं, जिससे समयबद्ध मध्यवर्तन और स्थिति को स्थिर करना सुनिश्चित होता है। इसलिए, वे जोखिम पहचानने और उन्हें कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया के दौरान रोगी को आराम और सुरक्षा सुनिष्चित होती है।

ऑपरेशन रूम स्पेषियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा नर्सों को इंट्राऑपरेटिव देखभाल प्रदान करने में प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु आवश्यक उन्नत जानकारी और तकनीकी विशेषज्ञता के साथ तैयार करने के लिए अभिकल्पित किया गया है। सक्षम, साहसी और सहानुभूतिषील पेशेवर विकसित करके, यह पाठ्यक्रम सुरक्षित, उच्च–गुणवत्ता वाली सर्जिकल देखभाल सुनिश्चित करता है और स्वास्थ्य देखभाल तंत्र की समग्र प्रभावशीलता को मजबूत बनाता है।

II. दर्शन

परिषद् का मानना है कि पंजीकृत नर्सों को, विशेषज्ञ नर्स के तौर पर, सर्जरी करवा रहे रोगियों को व्यापक देखभाल प्रदान करने के लिए उन्नत जानकारी, कौशल और रवैये में आगे प्रषिक्षित होने की आवष्यकता है। नर्सों की बढ़ती भूमिका और ऑपरेशन रूम नर्सिंग में हुई प्रगति के लिए अतिरिक्त योग्यता–आधारित प्रषिक्षण की आवष्यकता है ताकि सर्जरी करवा रहे रोगियों को सक्षम, समझदारी भरी और सही देखभाल प्रदान करने के लिए नर्सों को विषिष्ट कौशल और जानकारी के साथ तैयार किया जा सके।

III. पाठ्यक्रम संरचना

ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा प्रशिक्षण एक एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है और इस पाठ्यक्रम की अवधारणा में मूल लघु पाठ्यक्रम और विशिष्ट नर्सिंग अभ्यास के लिए बृहद विशिष्ट पाठ्यक्रम सम्मिलित किए गए हैं।

व्यावसायिक कुशलता; संवाद, रोगी शिक्षा व परामर्ष; नैदानिक नेतृत्व व संसाधन प्रबंधन; और साक्ष्य आधारित व अनुप्रयुक्त शोध, ऑपरेषन रूम नर्सिंग अभ्यास के मूल लघु पाठ्यक्रम हैं, जिनका लक्ष्य छात्रों को जिम्मेदार, समर्पित, कुशल और सक्षम विशेषज्ञ नर्स की तरह कार्य करने की आवश्यक जानकारी, दृष्टिकोण एवं दक्षता प्रदान करना है। प्रमुख विशिष्ट पाठ्यक्रमों को ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–1 और ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–2 के तहत सुनियोजित किया गया है। ऑपरेशन रूम स्पेषियलिटी नर्सिंग–1 में ऑपरेशन रूम नर्सिंग का परिचय, और ऑपरेशन रूम नर्सिंग में अनुप्रयुक्त सामान्य विज्ञान (ऑपरेशन रूम नर्सिंग अभ्यास में सामान्य विज्ञान की जानकारी का अनुप्रयोग) शामिल है। ऑपरेशन रूम नर्सिंग–2 को ऑपरेशन रूम नर्सों को विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं में सहायता करने तथा ऑपरेटिंग रूम में संक्रमण नियंत्रण उपाय बरतने और रोगियों को सुरक्षित रखने हेतु विशेष जानकारी और कौशल के साथ तैयार करने के लिए बनाया गया है। ऑपरेशन रूम स्पेषियलिटी नर्सिंग आवासीय कार्यक्रम के पाठ्यक्रम की संरचना निम्नलिखित **चित्र–1** में दर्शाई गई है।

ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम

ऑपरेशन रूम नर्सिंग के मूल लघु – पाठ्यक्रम **ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग – पाठ्यक्रम**

चित्र–1. ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग – आवासीय कार्यक्रम की पाठ्यक्रम संरचना

IV.उद्देश्य/अभिप्राय और कार्यनिर्वाह क्षमताएं

उद्देश्य

इस कार्यक्रम को विशिष्ट कौशल, जानकारी और प्रवृत्ति वाले ऐसे नर्स तैयार करने के लिए बनाया गया है जो सर्जरी करवा रहे रोगियों को गुणवत्तापरक देखभाल प्रदान कर सकें। इसका उद्देश्य तकनीकी रूप से योग्य और प्रशिक्षित ऐसे विशेषज्ञ नर्स भी तैयार करना है, जो अस्पतालों के ऑपरेशन रूम में उच्च स्तरीय देखभाल प्रदान करने में सफलतापूर्वक इष्टतम कार्य कर सकें।

कार्यनिर्वाह क्षमताएं

कार्यक्रम के पूरा होने पर, ऑपरेशन रूम स्पेशियलिस्ट नर्स निम्नांकित कार्य संपादन करने में सक्षम होंगे:–

1. इंट्राऑपरेटिव देखभाल अभ्यास में परिषद् के मानकों के अनुरूप गुणवत्तापरक इंट्राऑपरेटिव देखभाल देने हेतु पेषेवर जवाबदेही प्रदर्शित करना जो सदाचारी, परोपकारी, कानूनी, नैतिक, विनियामक और मानवीय सिद्धांतों के अनुकूल हो।

2. रोगियों, परिजनों और व्यावसायिक सहयोगियों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करना जिससे आपस में सम्मान की भावना को बढ़ावा मिले और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के साझा निर्णय लिए जा सकें।

3. नैदानिक नेतृत्व तथा संसाधन प्रबंधन रणनीतियों की समझ का प्रदर्शन करना और सहयोगी तथा प्रभावी टीम वर्क को बढ़ावा देने के लिए उनका इंट्राऑपरेटिव देखभाल तंत्र में उपयोग करना।

4. ऑपरेशन रूम नर्सिंग अभ्यास में व्यावहारिक निर्णय लेने के लिए इंट्राऑपरेटिव देखभाल और प्रबंधन में सामयिक मौजूदा साक्ष्यों को पहचानना, मूल्यांकन करना और उपयोग करना, साथ ही नैदानिक विशेषज्ञता और रोगी की पसंद, अनुभव और मूल्यों पर भी विचार करना।

5. ऐसे शोध अध्ययनों में भाग लेना, जो शोध प्रक्रिया की मूलभूत समझ के साथ साक्ष्य–आधारित ऑपरेषन रूम नर्सिंग देखभाल मध्यवर्तन में योगदान देते हैं।

6. सर्जरी करवा रहे रोगियों और उनके परिजनों की दैहिक, शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक समस्याओं के आंकलन, निदान और उपचार में सामान्य विज्ञान को अपनाना।

7. सर्जरी करवा रहे रोगियों को इंट्राऑपरेटिव देखभाल प्रदान करने में नर्सिंग प्रक्रिया को अपनाना।

8. बड़ी सर्जरी करवा रहे रोगियों को देखभाल करने में प्रासंगिक विशिष्ट अभ्यास दक्षताओं/कौशल का प्रदर्शन करना।

9. उपचार से संबंधित प्रतिकूल प्रभावों एवं आपात स्थितियों की पहचान करना तथा उनकी प्रभावी ढंग से देखभाल करना।

10. औषधियों और आपूर्ति की खरीद, भंडारण और रखरखाव के तरीके की समझ विकसित करना और अच्छे अभ्यास का प्रदर्षन करना।

11. ऑपरेशन रूम टेबल, कॉटरी मशीन, माइक्रोस्कोप और रोबोट आदि जैसे विषिष्ट उपकरणों के रखरखाव में जानकारी का उपयोग करना।

12. रोगियों को सुरक्षित इंट्राऑपरेटिव देखभाल प्रदान करना और उन्हें व्यावसायिक नुकसान से बचाना।

13. नैदानिक संपरीक्षण करना और ऑपरेशन रूम की गुणवत्ता आष्वासन गतिविधियों में भाग लेना।

14. पेरीऑपरेटिव देखभाल प्रदान करने में ऑपरेशन रूम सर्जिकल दल के सदस्य के तौर पर प्रभावी कार्य करना।

15. स्वास्थ्य दल सदस्य के तौर पर प्रभावी भाग लेना, ऑपरेशन रूम दल के सदस्यों के साथ बातचीत करना और तालमेल बिठाना।

V. कार्यक्रम का विवरण और अभ्यास का क्षेत्र

ऑपरेशन रूम स्पेषियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम एक एक–वर्षीय आवासीय कार्यक्रम है, जिसका मुख्य फोकस योग्यता आधारित प्रशिक्षण रखा गया है। पाठ्यक्रम की अवधारणा में अभ्यास के अलावा मूल पाठ्यक्रम और विशिष्ट पाठ्यक्रम सम्मिलित किए गए हैं। इसका 10 प्रतिशत भाग सैद्धांतिक और 90 प्रतिशत भाग प्रायोगिक (नैदानिक एवं प्रयोगशाला) है। कार्यक्रम के पूरा होने पर प्रमाणपत्र मिलने और संबंधित एसएनआरसी में अतिरिक्त योग्यता के रूप में पंजीकृत होने पर, विशेषज्ञ नर्सों को केवल स्पेषियलिटी अस्पताल/विभाग/इकाई में विशेषज्ञ नर्स के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए। वे कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित दक्षताओं, विशेष रूप से परिषद् के पाठ्यक्रम की लॉग बुक में निर्धारित विशिष्ट प्रक्रियात्मक दक्षताओं/नैदानिक कौशल के अनुसार अभ्यास करने में सक्षम होंगे। विशेषज्ञ नर्सों को संबंधित संस्थानों द्वारा संस्थागत प्रोटोकॉल के अनुसार उन विशिष्ट प्रक्रियात्मक दक्षताओं का अभ्यास करने का विशेषाधिकार दिया जा सकता है। विशेषज्ञ नर्स संवर्ग/पदों का सृजन सरकारी/सार्वजनिक और निजी सभी क्षेत्रों में किया जाना चाहिए। **यह डिप्लोमा परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जाएगा।**

VI. ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम प्रारंभ करने के लिए न्यूनतम अर्हताएं/दिशानिर्देश

कार्यक्रम का संचालन कहां–कहां किया जा सकता है –

1. नर्सिंग में डिग्री कार्यक्रम का संचालन करने वाले ऐसे नर्सिंग कॉलेज जो अपने स्वयं के 200 शैय्या वाले अस्पताल/तृतीयक अस्पताल से संबद्ध हों, जिनमें जनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक, कार्डियोथोरेसिक, गायनेकोलॉजी एवं ऑब्स्टेट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, ऑप्थेल्मिक, ईएनटी और न्यूरो सर्जरी की सुविधाएं और साथ ही एक उन्नत और अत्याधुनिक थिएटर कॉम्प्लेक्स उपलब्ध हो।

अथवा

2. सर्जरी में डीएनबी का संचालन करने वाले ऐसे अस्पताल जिनमें न्यूनतम 200 शैय्या हों और जनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक, कार्डियोथोरेसिक, गायनेकोलॉजी एवं ऑब्स्टेट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, ऑप्थेल्मिक, ईएनटी और न्यूरो सर्जरी की सुविधाएं और साथ ही एक उन्नत और अत्याधुनिक थिएटर कॉम्प्लेक्स उपलब्ध हो।

3. उपरोक्त पात्र संस्थान को संबंधित एसएनआरसी से विशेष शैक्षणिक वर्ष के लिए ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा कार्यक्रम प्रारंभ करने के लिए मान्यता लेनी होगी, जोकि एक अनिवार्य आवश्यकता है।

4. परिषद् द्वारा उपरोक्त दस्तावेजों/प्रस्तावों की प्राप्ति के पश्चात मान्यता प्राप्त नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान का अधिनियम के प्रावधानों के तहत बनाए गए विनियमों के अनुरूप अध्यापन संकाय और नैदानिक एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में उपयुक्तता का आंकलन करने के लिए अधिनियम की धारा 13 के तहत वैधानिक निरीक्षण किया जाएगा।

1. नर्सिंग शिक्षण संकाय

क) 1:10 के अनुपात में पूर्णकालिक शिक्षण संकाय

ख) शिक्षण संकाय में न्यूनतम दो सदस्य होने चाहिए

ग) योग्यता एवं संख्याः

1. मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग के साथ एम.एससी. नर्सिंग
2. बेसिक बी.एससी. नर्सिंग/पी.बी.बी.एससी. नर्सिंग के साथ ऑपरेषन रूम नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – 1

घ) अनुभवः ऑपरेषन रूम नर्सिंग में न्यूनतम तीन वर्ष का नैदानिक अनुभव।

ङ) अतिथि संकायः संबंधित विशिष्टताओं में बहु–विषयक।

च) प्रीसेप्टरः

- नर्सिंग प्रीसेप्टरः पूर्णकालिक जीएनएम के साथ ऑपरेषन रूम नर्सिंग में छः वर्ष, या बी.एससी. नर्सिंग के साथ ऑपरेषन रूम नर्सिंग में दो वर्ष, या एम.एससी. नर्सिंग के साथ ऑपरेषन रूम नर्सिंग में एक वर्ष अनुभव।
- मेडिकल प्रीसेप्टरः स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त सर्जन (स्नातकोत्तर योग्यता प्राप्त करने के पष्चात संकाय स्तर/सलाहकार स्तर पर तीन वर्ष अनुभव वालों को वरीयता दी जाएगी)।
- प्रीसेप्टर छात्र अनुपातः नर्सिंग में 1:10, मेडिकल में 1:10 (प्रत्येक छात्र एक मेडिकल प्रीसेप्टर और एक नर्सिंग प्रीसेप्टर से संबद्ध होना चाहिए)।

2. बजट

संस्थान के कुल बजट में इस कार्यक्रम के लिए आवश्यक कर्मचारियों के वेतन, अतिथि संकाय और अंशकालिक शिक्षकों के लिए मानदेय, लिपिकीय सहायता, पुस्तकालयी और आकस्मिक व्यय के लिए प्रावधान होना चाहिए।

3. अस्पताल/कॉलेज में भौतिक और शिक्षण सुविधाएं

क) नैदानिक क्षेत्र में एक अध्ययन कक्ष/सम्मेलन कक्ष।

ख) अस्पताल/कॉलेज में सिम्युलेटेड लर्निंग के लिए कौशल प्रयोगशाला। कौशल प्रयोगशाला अर्हताएं **परिशिष्ट–1** में दी गई हैं।

ग) ऑनलाइन पत्रिकाओं तक पहुंच के साथ पुस्तकालय और कंप्यूटर सुविधाएं

1. कॉलेज में ऑपरेषन रूम नर्सिंग, नर्सिंग प्रशासन, नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग शोध और सांख्यिकी से संबंधित वर्तमान पुस्तकों, जर्नल और पत्रिकाओं से सुसज्जित पुस्तकालय होना चाहिए।

   अथवा

   ऑपरेषन रूम नर्सिंग, नर्सिंग प्रशासन, नर्सिंग शिक्षा, नर्सिंग शोध और सांख्यिकी से संबंधित वर्तमान पुस्तकों, जर्नल और पत्रिकाओं के लिए मेडिकल/अस्पताल के पुस्तकालय का उपयोग करने की अनुमति होनी चाहिए।

2. इंटरनेट की सुविधा के साथ कंप्यूटर।

घ) ई–लर्निंग सुविधाएं

ङ) शिक्षण संसाधन – उपयोग करने हेतु निम्नांकित सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए

1. ओवरहेड प्रोजेक्टर
2. वीडियो देखने की सुविधा
3. एलसीडी प्रोजेक्टर
4. सीडी, डीवीडी और डीवीडी प्लेयर
5. कौशल अध्ययन के लिए उपयुक्त उपकरण, मैनीकिंस और सिमुलेटर्स

च) कार्यालयी सुविधाएं

1. लिपिक, चपरासी, सफाई कर्मचारी की सेवाएं

2. कार्यालय, उपकरण और आपूर्ति की सुविधा, जैसे

- स्टेशनरी
- प्रिंटर के साथ कंप्यूटर
- जीरोक्स मशीन
- टेलीफोन एवं फैक्स

4. नैदानिक सुविधाएं

क) अपने स्वयं के न्यूनतम 200 शैय्या वाले ऐसे अस्पताल, जिनमें जनरल सर्जरी, पीडियाट्रिक, कार्डियोथोरेसिक, गायनेकोलॉजी एवं ऑब्स्टेट्रिक्स, ऑर्थोपेडिक्स, ऑप्थेल्मिक, ईएनटी और न्यूरो सर्जरी की सुविधाएं और साथ ही एक उन्नत और अत्याधुनिक थिएटर कॉम्प्लेक्स उपलब्ध हो।

ख) ऑपरेषन रूम का नर्स स्टाफ परिषद् के मानदंडों के अनुसार होना चाहिए (प्रत्येक टेबल के लिए 1:2)।

5. प्रवेश हेतु नियम व शर्तें/प्रविष्टि अर्हताएं

इस कार्यक्रम में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र को

क) एनयूआईडी नंबर के साथ किसी एक एसएनआरसी में एक पंजीकृत नर्स एवं दाई (आरएन एंड आरएम) या समकक्ष होना चाहिए।

ख) नामांकन से पहले अधिमानतः ऑपरेषन रूम में स्टाफ नर्स के पद पर न्यूनतम एक वर्ष का नैदानिक अनुभव होना चाहिए।

ग) शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।

घ) चयन, आयोजित प्रवेश परीक्षा की मेरिट और सक्षम अधिकारी द्वारा लिए गए साक्षात्कार के आधार पर होना चाहिए।

ङ) अन्य देशों के नर्सों को प्रवेश से पहले परिषद् से समतुल्यता प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

6. सीटों की संख्या

200 शैय्या तथा 10 ऑपरेषन रूम टेबल वाले अस्पताल के लिए सीटों की संख्या = 10,

500 और इससे अधिक शैय्या तथा 20 ऑपरेषन रूम टेबल वाले अस्पताल के लिए सीटों की संख्या = 20.

7. अभ्यर्थियों की संख्या

1 टेबल के लिए 1 अभ्यर्थी।

8. वेतन

क) सेवारत अभ्यर्थियों को नियमित वेतन मिलता रहेगा।

ख) अन्य अभ्यर्थियों को कार्यक्रम का संचालन करने वाले अस्पताल की वेतन संरचना के अनुसार वजीफा/वेतन दिया जाएगा।

VII. परीक्षा विनियम एवं प्रमाणीकरण

परीक्षा संचालन एवं डिप्लोमा प्रदान करने वाले प्राधिकरणः परिषद् द्वारा अनुमोदित संबंधित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/विश्वविद्यालय।

1. परीक्षा में बैठने हेतु पात्रता

क) उपस्थितिः सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक – 80 प्रतिशत। हालांकि, प्रमाणपत्र मिलने से पहले 100 प्रतिशत नैदानिक उपस्थिति होना अनिवार्य है।

ख) लॉग बुक और नैदानिक आवश्यकताओं जैसी जरूरी आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र होंगे और अंतिम परीक्षा में बैठ सकते हैं।

2. प्रायोगिक परीक्षा

क) ओएससीईः आंतरिक और अंतिम परीक्षा दोनों में मौखिक परीक्षा के साथ–साथ ओएससीई प्रकार की परीक्षा आयोजित की जाएगी। विस्तृत दिशानिर्देश मार्गदर्शन पुस्तिका में दिए गए हैं।

ख) प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकनः अंतिम आंतरिक और बाह्य परीक्षा में मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वास्तविक परिस्थितियों में नैदानिक प्रदर्शन का आंकलन – 3–4 घंटे का लघु नैदानिक मूल्यांकन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया

आवेदन और कार्यविधिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन) भी शामिल होगा। नैदानिक क्षेत्र में आंकलन की न्यूनतम अवधि 5–6 घंटे होगी। मूल्यांकन दिशानिर्देश मार्गदर्शन पुस्तिका में दिए गए हैं।

ग) प्रति दिन छात्रों की अधिकतम संख्या = 10 छात्र।

घ) प्रायोगिक परीक्षा केवल नैदानिक क्षेत्र में ही आयोजित की जानी चाहिए।

ङ) प्रायोगिक परीक्षक दल में, एक आंतरिक परीक्षक {संबंधित विशिष्ट कार्यक्रम में शिक्षण के 2 वर्ष के अनुभव के साथ एम.एससी. अर्हता धारक संकाय/स्नातकोत्तर उपाधि के पष्चात 5 वर्ष के अनुभव के साथ एम.एससी. (मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग) अर्हता धारक संकाय}, एक बाह्य परीक्षक – उपरोक्त अनुभव एवं अर्हता धारक नर्सिंग संकाय, और एक चिकित्सीय आंतरिक परीक्षक जो संबंधित ऑपरेषन रूम नर्सिंग कार्यक्रम के लिए प्रीसेप्टर होना चाहिए, शामिल होंगे।

च) प्रायोगिक परीक्षक और सैद्धांतिक परीक्षक एक ही नर्सिंग संकाय होने चाहिए।

3. उत्तीर्णता मानक

क) प्रत्येक अभ्यर्थी को उत्तीर्ण होने के लिए सैद्धांतिक और प्रायोगिक परीक्षा के आंतरिक आंकलन तथा बाह्य परीक्षा दोनों में मिलाकर न्यूनतम कुल 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने पर अनुत्तीर्ण माना जाएगा।

ख) छात्र को उत्तीर्ण होने के लिए अधिकतम तीन अवसर प्रदान किए जाएंगे।

ग) यदि छात्र सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में से किसी एक में अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो उसे सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में से जिसमें अनुत्तीर्ण हुआ है केवल वही परीक्षा पुनः देनी होगी।

प्रमाणीकरण

क) शीर्षक – ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा

ख) निर्धारित अध्ययन पाठ्यक्रम के सफल समापन पर, परिषद् द्वारा अनुमोदित परीक्षा बोर्ड/एसएनआरसी/ विश्वविद्यालय द्वारा एक डिप्लोमा से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें लिखा होगा कि,

1. अभ्यर्थी ने ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा – आवासीय कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम के सभी पहलुओं का अध्ययन पूरा कर लिया है।
2. अभ्यर्थी ने सैद्धांतिक में 80 प्रतिशत और नैदानिक में 100 प्रतिशत आवश्यकताएं पूरी कर ली हैं।
3. अभ्यर्थी ने निर्धारित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

VIII. परीक्षा प्रणाली

पाठ्यक्रम	आंतरिक आंकलन अंक	बाह्य आंकलन अंक	कुल अंक	परीक्षा अवधि घंटे (बाह्य)
सैद्धांतिक (अनुभविक/आवासीय अध्ययन) ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग (भाग–1 व भाग–2) {भाग–1 – मूल नर्सिंग सहित ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–1, भाग–2 – ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–2}	25 (10+15)	75 (35+40)	100	3
प्रायोगिक (ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग) • मौखिक परीक्षा सहित ओएससीई • पर्यवेक्षित प्रायोगिक/नैदानिक अवलोकनः मौखिक परीक्षा के साथ–साथ वास्तविक परिस्थितियों में प्रत्यक्ष अवलोकन – 3–4 घंटे का लघु नैदानिक मूल्यांकन अभ्यास (नर्सिंग प्रक्रिया आवेदन व कार्यविधिक दक्षता का प्रत्यक्ष अवलोकन)	75 (25+50) (ओएससीई–25 एवं प्रायोगिक अवलोकन–50)	150 (50+100) (ओएससीई–50 एवं प्रायोगिक अवलोकन–100)	225	नैदानिक क्षेत्र में न्यूनतम 5–6 घंटे
कुल योग	**100**	**225**	**325**	

IX. कार्यक्रम की बनावट/संरचना

1. अनुदेश पाठ–योजना
2. पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन
3. नैदानिक अभ्यास (आवासीय पदस्थापन)
4. प्रशिक्षण विधियां
5. आंकलन विधियां

6. लॉग बुक और नैदानिक आवश्यकताएं

1. अध्ययन निपुणता (कौशल प्रयोगशाला अभ्यास) और अनुभवात्मक अध्ययन (नैदानिक अभ्यास) दृष्टिकोण अपनाते हुए अनुदेश पाठ–योजना

	पाठ्यक्रम	सैद्धांतिक (घंटे)	प्रयोगशाला / कौशल प्रयोगशाला (घंटे)	नैदानिक (घंटे)
1.	**ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के मूल** 1. व्यावसायिक कुशलता 2. संवाद, रोगी शिक्षा व परामर्श 3. ऑपरेषन रूम तंत्र में नैदानिक नेतृत्व व संसाधन प्रबंधन 4. ऑपरेषन रूम नर्सिंग में साक्ष्य आधारित व अनुप्रयुक्त शोध	40		
2.	**ऑपरेशन रूम नर्सिंग पाठ्यक्रम** **ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–1** 1. ऑपरेषन रूम नर्सिंग का परिचय 2. ऑपरेशन रूम नर्सिंग अभ्यास में अनुप्रयुक्त सामान्य विज्ञान (एनाटॉमी व फिजियोलॉजी, बायोफिजिक्स व कैमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी व फार्माकोलॉजी)	50	10	1730
	ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–2 1. इंट्राऑपरेटिव देखभाल में नर्सिंग प्रबंधन, जिसमें आंकलन, और विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं में सहायता शामिल है 2. रोगी सुरक्षा जिसमें सर्जिकल सुरक्षा और गुणवत्ता शामिल है	110	30	
	कुल योग = 1970 घंटे	**200 (5 सप्ताह)**	**40 (1 सप्ताह)**	**1730 (38 सप्ताह)**

एक वर्ष में उपलब्ध कुल सप्ताह = 52 सप्ताह

- वार्षिक अवकाश + आकस्मिक अवकाश + अस्वस्थता अवकाश + सार्वजनिक अवकाश = 6 सप्ताह
- परीक्षा की तैयारी और परीक्षा = 2 सप्ताह
- सैद्धांतिक और प्रायोगिक = 44 सप्ताह

2. पाठ्यक्रम का कार्यान्वयन (सैद्धांतिक – 10 प्रतिशत एवं कौशल प्रयोगशाला + नैदानिक – 90 प्रतिशत)

ब्लॉक कक्षाएं – 2 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह = 80 घंटे;

आवासीय – 42 सप्ताह × 45 घंटे प्रति सप्ताह = 1890 घंटे

कुल = 1970 घंटे

- ब्लॉक कक्षाएंः सैद्धांतिक और कौशल प्रयोगशाला अनुभव = 2 सप्ताह × 40 घंटे प्रति सप्ताह (80 घंटे)

  (सैद्धांतिक = 74 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 6 घंटे, कुल = 80 घंटे)
- सैद्धांतिक और कौशल प्रयोगशाला सहित नैदानिक अभ्यास = 42 सप्ताह × 45 घंटे प्रति सप्ताह (1890 घंटे)

  (सैद्धांतिक = 126 घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 34 घंटे, नैदानिक = 1730 घंटे)
- सैद्धांतिक = 200 (74+126) घंटे, कौशल प्रयोगशाला = 40 (6+34) घंटे, नैदानिक = 1730 घंटे
- नैदानिक अनुभव के दौरान सैद्धांतिक के 126 घंटे और कौशल प्रयोगशाला अध्ययन के 34 घंटे को एकीकृत किया जा सकता है। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रशिक्षित करने में निपुण अध्ययन और अनुभवात्मक अध्ययन दृष्टिकोण का उपयोग किया जाना है। कौशल प्रयोगशाला अर्हताएं **परिशिष्ट–1** में दी गई हैं।

3. नैदानिक अभ्यास

आवासीय नैदानिक अनुभवः हालांकि न्यूनतम 45 घंटे प्रति सप्ताह निर्धारित है, लेकिन अलग–अलग पारियों और प्रत्येक सप्ताह या पखवाड़े ऑन कॉल ड्यूटी करने पर परिस्थिति अनुसार होगा।

नैदानिक पदस्थापनः प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों का निम्नांकित नैदानिक क्षेत्रों में पदस्थापन किया जाएगाः–

क्र.सं.	नैदानिक क्षेत्र	सप्ताह	टिप्पणी
1	जनरल सर्जरी	4	अपना स्वयं का अस्पताल
2	ऑर्थोपेडिक सर्जरी	4	

3	इमरजेंसी एंड ट्रॉमा	3	
4	गायनेकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स (स्त्री रोग और प्रसूति विज्ञान)	4	
5	पीडियाट्रिक सर्जरी (बाल चिकित्सा)	3	
6	यूरोलॉजी	3	
7	न्यूरो सर्जरी	3	
8	कार्डियोवस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जरी	3	
9	ईएनटी	2	
10	ऑप्थेल्मिक (नेत्र विज्ञान)	2	
11	पोस्ट एनेस्थीसिया केयर यूनिट (पीएसीयू)	2	
12	सीएसएसडी	2	
13	डे केयर	3	
14	डेंटल सर्जरी	2	अपना स्वयं का/ संबद्ध अस्पताल
15	बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी	2	
	कुल योग	**42**	

आवासीय छात्र अलग–अलग पारियों में स्टाफ नर्स/नर्सिंग अधिकारियों की कार्य सूची का ही पालन करेंगे। इसके अलावा, 40 सप्ताह तक प्रत्येक सप्ताह 4 घंटे उनके अध्ययन के लिए होंगे, जिन्हें सैद्धांतिक के लिए दिया जा सकता है (जैसे, संकाय व्याख्यान – 1 घंटा, नर्सिंग व इंटरडिसिप्लिनरी राउंड – 1 घंटा, नैदानिक प्रस्तुतियां – 1 घंटा, केस स्टडी रिपोर्ट, नैदानिक कार्य) और कौशल प्रयोगशाला अभ्यास – 1 घंटा, इस प्रकार कुल 126 घंटे सैद्धांतिक और 34 घंटे कौशल प्रयोगशाला अभ्यास के लिए होंगे। नैदानिक पदस्थापन के दौरान शोध प्रक्रिया के सोपानों पर आधारित एक लघु सामूहिक शोध परियोजना आयोजित की जा सकती है जिसकी लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।

4. प्रशिक्षण विधियां

1. सैद्धांतिक, कौशल प्रयोगशाला और नैदानिक शिक्षण निम्नलिखित पद्धतियों द्वारा किए जा सकते हैं और नैदानिक पदस्थापन के दौरान एकीकृत किए जा सकते हैं:

- केस/नैदानिक प्रस्तुति और केस स्टडी रिपोर्ट
- ड्रग स्टडी और प्रस्तुति
- बेडसाइड क्लिनिक/नर्सिंग राउंड/इंटरडिसिप्लिनरी राउंड
- जर्नल क्लब/नैदानिक संगोष्ठी
- नैदानिक क्षेत्र में शिक्षकों के व्याख्यान और परिचर्चा
- कौशल प्रयोगशाला में तथा बेडसाइड पर अभिव्यक्ति और कौशल प्रशिक्षण
- निर्देशित पढ़न/स्व–अध्ययन
- रोल प्ले
- संगोष्ठी/सामूहिक प्रस्तुति
- सामूहिक शोध परियोजना
- नैदानिक कार्य
- प्रषिक्षण दौरे

2. आंकलन विधि

- लिखित परीक्षा (केस/परिदृश्य आधारित)
- प्रायोगिक परीक्षा – ओएससीई और प्रायोगिक अवलोकन (वास्तविक परिस्थितियों में नैदानिक प्रदर्शन का प्रत्यक्ष अवलोकन)
- लिखित कार्य

- परियोजना
- केस स्टडी/देखभाल योजना/नैदानिक प्रस्तुति/ड्रग स्टडी
- नैदानिक प्रदर्शन मूल्यांकन
- नैदानिक कार्यविधिक दक्षताओं और नैदानिक आवश्यकताओं को पूरा करना
  मूल्यांकन दिशानिर्देशों के लिए **परिशिष्ट–2** देखें।

3. नैदानिक लॉग बुक/प्रक्रिया पुस्तक और नैदानिक आवश्यकता

प्रत्येक नैदानिक पदस्थापन के अंत में, नैदानिक लॉग बुक (विशिष्ट कार्यविधिक दक्षताएं/नैदानिक कौशल) **(परिशिष्ट–3)**, नैदानिक अर्हताएं **(परिशिष्ट–4)** और नैदानिक अनुभव विवरण **(परिशिष्ट–5)** पर संबंधित नैदानिक संकाय/प्रीसेप्टर द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

X. अध्ययन पाठ्यक्रम

1. ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास के मूल सिद्धांतः

ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिक कुशलता, संवाद, रोगी शिक्षा व परामर्श, नैदानिक नेतृत्व व संसाधन प्रबंधन और साक्ष्य आधारित व अनुप्रयुक्त शोध

कुल सैद्धांतिकः 40 घंटे

पाठ्यक्रम विवरणः यह पाठ्यक्रम ऑपरेषन रूम नर्सिंग अभ्यास में व्यावसायिक कुशलता, संवाद, रोगी शिक्षा व परामर्श, नैदानिक नेतृत्व व संसाधन प्रबंधन और साक्ष्य आधारित व अनुप्रयुक्त शोध की समझ विकसित करने के लिए तैयार किया गया है।

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/आंकलन विधियां
I	8	ऑपरेषन रूम नर्सिंग में व्यावसायिक कुशलता की समझ और अभ्यास में व्यावसायिक कुशलता का प्रदर्शन करना	**व्यावसायिक कुशलता** • अभिप्राय और सिद्धांत – ऑपरेषन रूम नर्सिंग अभ्यास में जवाबदेही, सुविज्ञता, दृश्यता और नैतिकता • व्यावसायिक मूल्य एवं व्यावसायिक व्यवहार • भारतीय उपचर्या परिषद् आचार संहिता, व्यावसायिक आचरण संहिता और अभ्यास मानक • नर्स की प्रसारी भूमिका – नर्स प्रेक्टिशनर • व्यावसायिक संगठन • सतत नर्सिंग शिक्षा	• परिचर्चा	• ऑपरेषन रूम नर्सिंग से संबंधित आचार संहिता का वर्णन करना
		ऑपरेषन रूम नर्सिंग के चिकित्सीय–विधिक पहलुओं और निवारक रणनीतियों की व्याख्या करना	**चिकित्सीय–विधिक पहलू** • ऑपरेषन रूम नर्सिंग से संबंधित कानून और विनियम • उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम • लापरवाही व कदाचार • निवारक रणनीतियां – रोगियों के अधिकारों की सुरक्षा, सहमति, रोगियों की पहचान, स्पंज और उपकरणों की देखभाल • चिकित्सीय–विधिक पहलू • रिकॉर्ड व रिपोर्ट • ऑपरेषन रूम नर्सों की कानूनी जिम्मेदारियां	• व्याख्यान	• इंट्राऑपरेटिव रिकॉर्ड
II	12	रोगियों, परिजनों और व्यावसायिक सहयोगियों के साथ आपसी मेलजोल द्वारा स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के लिए साझा निर्णय लेकर प्रभावी	**संवाद** • संवादीय प्रणाली और तकनीकें • परिजनों को दुःखद समाचार सुनाना • संस्कृति अनुकूल संवेदनषील संवाद • नर्सिंग देखभाल योजनाओं का विकास और रिकॉर्ड • संवाद में सहायक सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण	मॉड्यूल – • व्याख्यान • दुःखद समाचार देने में भूमिका निभाना	• डिजिटल रिकॉर्ड

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/ आंकलन विधियां
		ढंग से संवाद स्थापित करना रोगियों और परिजनों को इंट्राऑपरेटिव देखभाल के संबंध में शिक्षित करना और परामर्श देना	• ऑपरेशन रूम में दलीय गतिशीलता और संचार **रोगी और पारिवारिक शिक्षा** • शिक्षण और अध्ययन के सिद्धांत • स्वास्थ्य शिक्षा के सिद्धांत • सूचना की जरूरतों और रोगी व परिजनों की प्रशिक्षण आवष्यकताओं का आंकलन • रोगी प्रशिक्षण सामग्री विकसित करना **परामर्श** • परामर्श तकनीक • दुःखद समाचार देने, गहन उपचार, संकटकालीन मध्यवर्तन और मरणासन्न देखभाल में रोगी और परिजनों को परामर्श देना	• समकक्ष प्रशिक्षण • परामर्श सत्र	• सामूहिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण सत्र का संचालन करना • रोगी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना • रिपोर्ट
III	10	नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन रणनीतियों की समझ का प्रदर्शन करना और ऑपरेषन रूम में उनका उपयोग करके सहयोगी एवं प्रभावी टीम वर्क को बढ़ावा देना ऑपरेषन रूम में गुणवत्ता आश्वासन गतिविधियों में भाग लेना और नैदानिक संपरीक्षण करना	**नैदानिक नेतृत्व और संसाधन प्रबंधन** • नेतृत्व एवं प्रबंधन • ऑपरेषन रूम प्रबंधन के तत्व – योजना, आयोजन, स्टाफ, रिपोर्टिंग, रिकॉर्डिंग और बजट • नैदानिक नेतृत्व और इसकी चुनौतियां • शिष्ट मंडल • ऑपरेषन रूम में मानव संसाधन प्रबंधन • सामग्री प्रबंधन • एक आदर्श ऑपरेषन थिएटर और वर्कफ्लो की रूपरेखा तैयार करना • भावनात्मक बुद्धिमत्ता और स्व–प्रबंधन कौशल • अंतःविषयक दल के सदस्य के रूप में कार्य करना • नीतियों को इंट्राऑपरेटिव देखभाल प्रासंगिक बनाने में भागीदार बनना **ऑपरेशन रूम में गुणवत्ता आश्वासन** • गुणवत्ता संकेतक • सेंटिनल और नियर मिस घटनाएं • लगातार गुणवत्ता सुधार – नर्सिंग मानक और संपरीक्षण • आपदा की तैयारी	• व्याख्यान व परिचर्चा • मॉड्यूल – मान्यता और अभ्यास मानक	• ऑपरेषन रूम में कार्यरत कनिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों/ स्टाफ नर्सों के लिए ड्यूटी रोस्टर तैयार करना • आदर्श ऑपरेषन रूम तैयार करना • संपरीक्षण करना
IV	10	शोध प्रक्रिया का वर्णन करना और मूलभूत सांख्यिकीय परीक्षण करना	**साक्ष्य आधारित और अनुप्रयुक्त शोध** • नर्सिंग शोध और शोध प्रक्रिया का परिचय • आंकड़ों की प्रस्तुति, मूलभूत सांख्यिकीय परीक्षण और इसके अनुप्रयोग • ऑपरेषन रूम में शोध प्राथमिकताएं • ऑपरेषन रूम नर्सिंग अभ्यास प्रासंगिक समस्याओं/प्रश्नों की अभिव्यक्ति • ऑपरेषन रूम नर्सिंग अभ्यास में साक्ष्य आधारित/सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने के लिए साहित्यिक समीक्षा • दैनिक व्यावसायिक अभ्यास में साक्ष्य आधारित मध्यवर्तन का कार्यान्वयन	• व्याख्यान • अभ्यास – वैज्ञानिक प्रपत्र लेखन • सामूहिक शोध परियोजना	• ऑपरेषन रूम के सांख्यिकीय आंकड़े तैयार करना • ऑपरेषन रूम नर्सिंग अभ्यास पर साहित्यिक समीक्षा का संचालन करना/ सामूहिक शोध परियोजना रिपोर्ट

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/ आंकलन विधियां
			• शोध में नैतिकता		

2. ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–1

ऑपरेशन रूम नर्सिंग का संदर्भ/परिचय और ऑपरेशन रूम नर्सिंग अभ्यास में प्रयुक्त सामान्य विज्ञान (एप्लाइड एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, फार्माकोलॉजी, बायोफिजिक्स व केमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी)

सैद्धांतिकः 50 घंटे और प्रयोगशालाः 10 घंटे

पाठ्यक्रम विवरणः यह पाठ्यक्रम मानव शरीर की बनावट और कार्य, शरीर के अलग–अलग तंत्रों पर असरकारक औषधियों की फार्माकोडायनामिक्स और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में उनका संबंध, और ऑपरेशन रूम में संक्रमण नियंत्रण के तरीकों में माइक्रोबायोलॉजी के सिद्धांतों के इस्तेमाल के बारे में समझ और गहन जानकारी विकसित करने में छात्रों की मदद करने के लिए तैयार किया गया है।

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/ आंकलन विधियां
I	टी–8	एनाटॉमी और फिजियोलॉजी की समीक्षा करना	**एनाटॉमी और फिजियोलॉजी – समीक्षा** • मानव एनाटॉमी एवं सर्जिकल प्रासंगिकता और शारीरिक प्रणालियों (जीआई, मस्कुलोस्केलेटल, श्वसन, कार्डियोवस्कुलर, केंद्रीय तंत्रिका, गुर्दे, लसीका, अंतःस्रावी, प्रजनन, ईएनटी, आंख, और इंटेगुमेंटरी तंत्र) की फिजियोलॉजी का अवलोकन • तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन • मेटाबॉलिज्म और पोषणः विटामिन और खनिज	• परिचर्चा	• प्रश्नोत्तरी/ एमसीक्यू
II	टी–12 एल–8	सर्जिकल प्रक्रियाओं से संबंधित मानव शरीर के विभिन्न तंत्रों की संरचना और कार्यों की जानकारी लागू करना	**सर्जिकल एनाटॉमी** **जनरल सर्जरी** • एब्डोमिनल सर्जरी – उदर भित्ति के चीरों की एनाटॉमी, हर्निया एलिमेंट्री कनाल, पित्ताशय, पित्त नली, यकृत, प्लीहा अग्न्याशय, सिर व गर्दन, मुंह व स्तन, थायरॉयड ग्लेंड की सर्जरी **ऑर्थोपेडिक्स** • हड्डियां और जोड़ **यूरोलॉजी** • गुर्दा, मूत्रवाहिनी, मूत्राशय, प्रोस्टेट, अंडकोष **कान, नाक और गला** • ग्रसनी, स्वरयंत्र, नाक व कान की सर्जरी **स्त्री रोग और प्रसूति** • श्रोणि के अंग और अन्य सहायक संरचनाएं, गर्भाशय, फैलोपियन ट्यूब, अंडाशय, गर्भाशय ग्रीवा, योनि **कार्डियोथोरेसिक** • वक्ष भित्ति, हृदय, रक्त वाहिकाएं, श्वासनली, ब्रांकाई, फेफड़े **न्यूरो** • मस्तिष्क, मेरुदंड, परिधीय और अनुकंपी तंत्रिकाएं **बाल रोग** • शारीरिक तंत्र **नेत्र विज्ञान** • आंखें	• मॉडल्स/चार्ट्स	• निहित कार्य

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/आंकलन विधियां
III	टी–5 एल–2	विभिन्न गैजेट्स के उपयोग में बायोफिजिक्स और केमिस्ट्री के सिद्धांतों को लागू करना	**बायोफिजिक्स और केमिस्ट्री** • समीक्षा – माप की इकाइयां, गैस के नियम, ऊष्मा, इलेक्ट्रोस्टैटिक्स • ऑपरेशन रूम में प्रयुक्त होने वाली लेजर किरणें, रसायनिक तत्व और रेडियोधर्मी सामग्री • ऑपरेशन रूम में व्यावसायिक खतरे – रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन • ऑपरेशन टेबल – मशीनें, स्थिति निर्धारण • विभिन्न गैजेट के उपयोग के अंतर्निहित सिद्धांत	• परिचर्चा	
IV	टी–20	ऑपरेशन रूम में प्रयुक्त आम औषधियों और संज्ञाहरण एजेंटों के फार्माकोडायनामिक्स का वर्णन करना	**फार्माकोडायनामिक्स** • औषधियां ○ एंटीसेप्टिक्स व कीटाणुनाशक ○ हिप्नोटिक्स, बार्बिट्यूरेट्स ○ ट्रैंक्विलाइजर व सेडेटिव ○ न्यूरोलेप्टिक औषधियां ○ फेनोथियाजीन ○ ब्यूटोबार्बिटोन ○ एंटीकॉन्वल्सेंट ○ एनल्जेसिक ○ इंट्राऑपरेटिव एनल्जेसिया ○ नॉन–स्टेरॉयडल एंटी–इंफ्लेमेटरी औषधियां ○ नारकोटिक एंटागोनिस्ट ○ इंट्रावेनस इंडक्शन एजेंट ○ आइसोफ्लुरेन ○ आइसोप्रेनालिन ○ ब्रोन्कोडायलेटर ○ श्वसन उत्तेजक ○ एंटीडिसरिथमिक ○ वैसोप्रेसर ○ वैसोडिलेटर ○ एंटीहाइपरटेंसिव एजेंट ○ गैंग्लियन ब्लॉकर्स ○ प्लाज्मा एक्सपैंडर्स ○ मांसपेशियों को आराम देने वाली औषधियां ○ बीटा ब्लॉकर्स ○ गर्भाशय उत्तेजक ○ गर्भाशय अवरोधक ○ इंसुलिन ○ हिस्टामाइन और H1 और H2 रिसेप्टर एंटागोनिस्ट ○ एंटीकोएगुलेंट ○ एंटीमेटिक्स ○ एंटीकोलिनर्जिक ○ आंख, कान, नाक, गले आदि के उपचार में प्रयुक्त औषधियां ○ नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां	• व्याख्यान	• ड्रग डायरी
V	टी–5	ऑपरेशन रूम में संक्रमण नियंत्रण प्रथाओं में	**माइक्रोबायोलॉजी** • सूजन और संक्रमण • सूक्ष्मजीवों का वर्गीकरण	• परिचर्चा	

इकाई	समय (घंटे)	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/ आंकलन विधियां
		माइक्रोबायोलॉजी के सिद्धांतों को लागू करना	• माइक्रोबायोलॉजी में डायग्नोस्टिक टेस्ट और संबंधित नर्सों की जिम्मेदारी • कल्चर और ग्रोथ		

3. ऑपरेशन रूम स्पशियलिटी नर्सिंग–2

सैद्धांतिकः 110 घंटे और प्रायोगिकः 30 घंटे

पाठ्यक्रम विवरणः यह पाठ्यक्रम ऑपरेशन रूम नर्सों को अलग–अलग सर्जिकल प्रक्रियाओं में मदद करने और रोगियों की सुरक्षा और संक्रमण नियंत्रण के उपायों को अपनाने के लिए खास जानकारी और कौषल के साथ तैयार करने के लिए विकसित किया गया है। इसके अलावा, यह छात्रों को एनेस्थीसिया, ऑपरेशन रूम नर्स की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी हासिल करने में भी मदद करेगा।

इकाई	समय	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/ आंकलन विधियां
I	टी–5	पेरिऑपरेटिव नर्सिंग के सिद्धांतों को समझना	**पेरिऑपरेटिव नर्सिंग के सिद्धांत** • पेरिऑपरेटिव नर्सों के लिए अभ्यास मानक • ऑपरेटिंग रूम नर्स का दायरा और भूमिका • प्रिऑपरेटिव आंकलन और रोगी की तैयारी • पेरिऑपरेटिव नर्स की भूमिका	• परिचर्चा	• प्रिऑपरेटिव आंकलन
II	टी–5 एल–1	एनेस्थीसिया के सिद्धांत, प्रकार और तरीकों और नर्स की जिम्मेदारियों की ब्याख्या करना	**एनेस्थीसिया** • परिचय, सिद्धांत, प्रकार, चरण, प्रशासन की विधि, एनेस्थेटिक मशीनें और उपकरण, नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां • एनेस्थीसिया में प्रयुक्त औषधियां • एनेस्थेटिक एजेंट – प्रकार, प्रशासन की विधि, क्रिया और प्रभाव, दुष्प्रभाव, एंटीडोट्स • एनेस्थीसिया के बाद की देखभाल	• परिचर्चा	
III	टी–10 एल–2	कार्य, समय, गति, उपकरण, सप्लाई, सामग्री और संसाधन व्यवस्था में कौशल प्रदर्षित करना	**ओ.आर. टेबल और सुनियोजन** • उपकरण और सुविधाएं • विभिन्न प्रकार की टेबल और सहायक सामग्री • टेबल और उपकरणों का सुनियोजन • नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां **ऑपरेशन रूम में उपकरण** • सर्जिकल उपकरणों का वर्गीकरण और पहचान • ऑपरेशन रूम उपकरणों की देखभाल और रखरखाव **ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप** • प्रकार, सहायक सामग्री, संलग्न वस्तु, उपयोग, कीटाणुशोधन, रखरखाव और भंडारण • नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां **टांके का सामान और सुइयां** • प्रकार, उपयोग, कीटाणुशोधन और भंडारण	• परिचर्चा और प्रदर्शन	• रिटर्न डेमोंस्ट्रेशन

इकाई	समय	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/आंकलन विधियां
			एंडोस्कोपी • परिभाषा, प्रकार, उपयोग, रखरखाव और भंडारण • नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां, जिसमें रोगी तैयारी शामिल है **बेंडेज, स्प्लिंट, कास्ट और ट्रैक्शन** • प्रकार, उपयोग, तैयारी, रखरखाव और भंडारण		
IV	टी–15 एल–2	स्टेरिलाइजेशन और डिसइंफेक्शन की जानकारी और सिद्धांत प्रदर्षित करना	**संक्रमण नियंत्रण** • ऑपरेटिंग रूम में संक्रमण नियंत्रण • पर्यावरण – सफाई, ऑपरेटिंग रूम उपकरणों, एयर कंडीशनिंग सिस्टम का कीटाणुशोधन, स्वैबिंग और कल्चर, धूमन • एसेप्टिक तकनीकें – एसेप्सिस के सिद्धांत, स्क्रबिंग, गाउनिंग और दस्ताने पहनना • स्टेरिलाइजेशन और कीटाणुशोधन – उपकरण, ड्रेसिंग सामग्री, लिनन, टांके की सामग्री, ड्रेनेज ट्यूब और कैथेटर की तैयारी और पैकिंग, इलेक्ट्रो–मेडिकल उपकरणों की देखभाल • स्टेरिलाइज़्ड सामग्री, उपकरण, यंत्रों की संभाल और भंडारण • सर्जिकल ड्रेप्स और टांके को संभालना • प्रयोगशाला परीक्षणों के लिए विभिन्न नमूनों का संग्रहण • जैव–चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन – सार्वभौमिक मानक और ऑपरेशन रूम नर्सिंग में इनका अनुप्रयोग • नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां	• परिचर्चा	• ऑपरेशन रूम में संक्रमण नियंत्रण पर लिखित कार्य
V	टी–5	ऑपरेषन रूम में सुरक्षित माहौल बनाना	**ऑपरेशन रूम सुरक्षा** • ऑपरेशन रूम में सुरक्षा मानक • ऑपरेशन रूम में अग्नि सुरक्षा सहित खतरों और चोट की रोकथाम • सर्जिकल गणना और जवाबदेही • जोखिम प्रबंधन और सर्जिकल सुरक्षा • इलेक्ट्रोकॉटरी और लेजर सुरक्षा	• परिचर्चा • फायर ड्रिल	
VI	टी–50 एल–25	विभिन्न ऑपरेशन प्रक्रियाओं में सहायता करने में कौशल प्रदर्षित करना	**सर्कुलेटिंग और स्क्रब नर्स के तौर पर विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं की तैयारी और उनमें सहायता** • ऑपरेशन रूम और टेबल तैयार करना • विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए ट्रे और ट्रॉली तैयार करना • विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए तैयारी करना • रोगी को स्थानांतरित करना • सर्जिकल प्रक्रियाओं के अनुसार पोजिशनिंग और ड्रेपिंग	• परिचर्चा और प्रदर्शन	• विभिन्न सर्जरी में मदद करने के लिए एसओपी विकसित करना

इकाई	समय	अध्ययन के नतीजे	विषय	शिक्षण/अध्ययन गतिविधियां	निहित कार्य/ आंकलन विधियां
			• विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए चीरा लगाना • माइनल सर्जरी – सर्जिकल उपकरण और टांके लगाने का सामान • मेजर सर्जरी – सर्जिकल उपकरण और टांके लगाने का सामानः ○ जनरल ○ गायनेकोलॉजी ○ ऑब्स्टेट्रिक्स ○ ऑर्थोपेडिक्स ○ प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी ○ ऑप्थेल्मिक ○ सिर और गर्दन ○ ईएनटी ○ कार्डियोथोरेसिक ○ न्यूरो सर्जरी ○ पीडियाट्रिक ○ डेंटल ○ लेजर और रोबोटिक सर्जरी • रिकॉर्ड और रिपोर्ट		
VII	टी–5	एनेस्थीसिया के बाद रोगियों की देखभाल करने में कौशल प्रदर्षित करना	**रिकवरी रूम/सर्जिकल इंटेंसिव केयर यूनिट** • सेटअप और ऑर्गनाइजेशन • रोगियों का प्रबंधन • रिपोर्टिंग और रिकॉर्डिंग • रोगियों को ले जाना • नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां	• परिचर्चा	• नर्सिंग मानक विकसित करना
VIII	टी–10	ऑपरेशन के दौरान देखभाल में द्रव प्रबंधन के महत्व को समझना	**फ्लूइड थेरेपी** • फ्लूइड और इलेक्ट्रोलाइट्स • रक्त और रक्त अवयव • एलर्जी और रिएक्शन • उच्च जोखिम वाले रोगी • एनाफाइलैक्टिक शॉक प्रबंधन • रिकॉर्ड और रिपोर्ट • नर्सों की भूमिका और जिम्मेदारियां	• व्याख्यान	• एनाफिलेक्टिक शॉक प्रबंधन पर लिखित कार्य
IX	टी–5	ऑपरेशन रूम में आपातकालीन स्थितियों से निपटनें में सही तरीके से काम करना	**ऑपरेशन रूम में आपातकालीन स्थितियां** • सर्जिकल जटिलताएं • सीपीआर और ऑपरेशन रूम में कोड ब्लू • आग से सुरक्षा (जैसे इलेक्ट्रोसर्जिकल जोखिम), फायर ड्रिल • ब्लीडिंग/शॉक प्रबंधन	• परिचर्चा	• सीपीआर • कोड ब्लू ड्रिल

अभ्यास (कौशल प्रयोगशाला और नैदानिक)

कुल अवधिः 1770 घंटे (40 + 1730)

(कौशल प्रयोगशाला – 40 घंटे और नैदानिक – 1730 घंटे)

अभ्यास दक्षताएं

कार्यक्रम के अंत में छात्र निम्नलिखित कार्य संपादन करने में सक्षम होंगेः–

1. सर्जरी करवा रहे रोगियों का आंकलन करना
2. सर्जिकल प्रक्रियाओं में मदद करना और स्क्रब नर्स व सर्कुलेटिंग नर्स की भूमिका निभाना
3. पोस्ट एनेस्थीसिया केयर यूनिट में रोगियों की देखभाल करना
4. रोगियों की निगरानी करना और शुरुआती चेतावनी के संकेतों को तुरंत पहचानना
5. औषधियों की उपलब्धता सुश्निष्चित करना व भंडारण करना और दैनिक रिकॉर्ड रखना
6. सर्जरी करवा रहे उच्च जोखिम वर्ग यानी बच्चे, बुजुर्ग और गंभीर रूप से बीमार रोगियों का आंकलन और प्रबंधन करना

व्यावहारिक/प्रैक्टिकम (कौशल प्रयोगशाला और नैदानिक)

नैदानिक पदस्थापन

ऑपरेशन रूम क्षेत्र	अवधि (सप्ताह)	नैदानिक अध्ययन के परिणाम	कौशल/प्रक्रियात्मक दक्षताएं	निहित कार्य	आंकलन विधियां
जनरल सर्जरी	4	ऑपरेशन रूम नीति व मानकों से परिचित रहना सर्जरी से पहले रोगियों की पहचान और सुरक्षित स्थानांतरण का अभ्यास करना विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए पोजिशनिंग और ड्रेपिंग में सहायता करना विभिन्न स्पेशियलिटीज में सरल से जटिल सर्जरी के लिए स्क्रब नर्स और सर्कुलेटिंग नर्स की भूमिका में महारत हासिल करना घाव की देखभाल में सहायता करना नमूनों की सही संभाल	विभिन्न सर्जरी के लिए आर्टेरियल लाइन, आर्टेरियल बीपी मॉनिटरिंग, सेंट्रल लाइन, ट्रे सेट करना, ड्रेपिंग व पोजिशनिंग स्क्रब नर्स सर्कुलेटरी नर्स	विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए एसओपी	नैदानिक आंकलन केस स्टडी निहित कार्य का मूल्यांकन
ऑर्थोपेडिक्स	4				
ओबीजी	4				
यूरोलॉजी	3				
इमरजेंसी और ट्रॉमा	3				
पीडियाट्रिक सर्जरी	3				
न्यूरो	3		आईसीपी मॉनिटरिंग		
कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी	3		आर्टेरियल ब्लड गैस, एबीजी कलेक्शन		
ईएनटी	2		रोगी स्थानांतरण		
नेत्र विज्ञान	2				
डेंटल	2				
बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी	2				
डे केयर ऑपरेशन रूम	3	रोगियों को सर्जरी के लिए तैयार करने का कौशल विकसित करना रोगियों को ठीक होने की संभावित प्रक्रिया के बारे में बताना	स्वास्थ्य आंकलन परामर्ष	प्रीऑपरेटिव आंकलन स्वास्थ्य परिचर्या	
पीएयूसी	2	सर्जरी के तुरंत बाद की अवधि में रोगियों की देखभाल करना	पल्स ऑक्सीमेट्री, नेबुलाइजेशन, O_2 थेरेपी, एयरवे मैनेजमेंट औषधि देना – आई, आईवी		
सीएसएसडी	2	विभिन्न सर्जिकल प्रक्रियाओं के लिए इंस्ट्रूमेंट पैक तैयार करना उपकरणों/यंत्रों को स्टेरलाइज करने में सहायता करना	कीटाणुशोधन, स्टेरिलाइजेशन, उपकरण पैकिंग	कीटाणुशोधन और स्टेरिलाइजेशन के तरीके – प्रस्तुति	

परिशिष्ट–1
कौशल प्रयोगशाला अर्हताएं

नोटः नर्सिंग कॉलेज की मूलभूत कौशल प्रयोगशाला के लिए आवश्यक वस्तुओं के अलावा निम्नलिखित आवश्यक हैं।

क्र.सं.	कौशल प्रयोगशाला के लिए आवश्यक वस्तु	संख्या	कौशल
1	अस्पताल शैय्या/ऑपरेशन रूम टेबल – गद्दे के साथ	02	ऑपरेशन रूम इकाई तैयार करना
2	अस्पताल लिनन सेट	15 सेट	
3	रोगी का लिनन सेट	10 सेट	
4	ओटी तौलिए	20	
5	आईवी स्टैंड	4	
6	ओवरहेड टेबल	4	
7	स्पंज स्टैंड	02	
8	सक्शन मशीन	02	
9	मल्टीपैरा मॉनिटर	02	
10	ऑक्सीजन सप्लाई	02	
11	क्रैश कार्ट ट्रॉली	01	
12	सामान्य नर्सिंग देखभाल के सामान		सामान्य और उन्नत नर्सिंग देखभाल
13	उन्नत नर्सिंग देखभाल के सामान		
14	ढक्कन वाले कटोरे 10 सेंटीमीटर	10	उपकरण
15	कटोरे 10 सेंटीमीटर	10	
16	ढक्कन वाली इंस्ट्रूमेंट ट्रे	10	
17	प्लेन आर्टरी फोरसेप्स	10	
18	टूथ्ड आर्टरी फोरसेप्स	10	
19	मॉस्क्यूटो आर्टरी फोरसेप्स	10	
20	प्लेन डिसेक्टिंग फोरसेप्स	10	
21	टूथ्ड डिसेक्टिंग फोरसेप्स	10	
22	स्पंज होल्डिंग फोरसेप्स	10	

क्र.सं.	कौशल प्रयोगशाला के लिए आवश्यक वस्तु	संख्या	कौशल
23	टॉवल क्लिप	20	
24	ट्रांसफ्यूजन सेट	10	ट्रांसफ्यूजन
25	आईवी फ्लूइड्स	10	
26	आईवी कैनुला 16/18 एफ	10	
27	इन्फ्यूजन पंप	2	
28	मानक सुरक्षा उपकरण	10 सेट	संक्रमण नियंत्रण
29	हाथ धोने की जगह	01	
30	जैवचिकित्सीय अपषिष्ट प्रबंधन इकाई	01	
31	एलसीडी टीवी	01	वीडियो की मदद से प्रदर्शन

परिशिष्ट–2
आंकलन दिशानिर्देश (सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक)

I. सैद्धांतिक

1. आंतरिक आंकलन

ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग (भाग 1 – ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–1 इंक्लुडिंग फाउंडेशंस और भाग 2 – ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–2) – कुल अंकः 25

- प्रश्न पत्र और प्रश्नोत्तरी – 10 अंक
- लिखित कार्य – 10 अंक (ऑपरेषन रूम नर्स की कानूनी जिम्मेदारियां/ऑपरेषन रूम नर्सिंग में साक्ष्य आधारित कार्य (ईबीपी) पर साहित्यक समीक्षा/ऑपरेषन रूम में संक्रमण नियंत्रण के तरीके)
- सामूहिक परियोजना – 5 अंक

2. बाह्य/अंतिम परीक्षा

ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग (भाग 1 – ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–1 इंक्लुडिंग फाउंडेशंस और भाग 2 – ऑपरेषन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग–2) – कुल अंकः 75

भाग 1 – 35 अंक (निबंध 1 × 15 = 15 अंक, लघु उत्तर 4 × 4 = 16 अंक, अति लघु उत्तर 2 × 2 = 4 अंक) और भाग 2 – 40 अंक (निबंध 1 × 15 = 15 अंक, लघु उत्तर 5 × 4 = 20 अंक, अति लघु उत्तर 5 × 1 = 5 अंक)

II. प्रायोगिक

1. आंतरिक आंकलन – 75 अंक

- ओएससीई – 25 अंक (पदस्थापन के अंत में ओएससीई – 10 अंक + वर्ष के अंत में आंतरिक ओएससीई – 15 अंक)
- अन्य अभ्यास – 50 अंक

  क) प्रायोगिक कार्य – 20 अंक (नैदानिक प्रस्तुति और केस स्टडी रिपोर्ट – 5 अंक, परामर्श रिपोर्ट/दौरों की रिपोर्ट – 5 अंक, – 5 अंक, औषधीय अध्ययन रिपोर्ट – 5 अंक, और स्वास्थ्य परिचर्या – 5 अंक)

  ख) कार्यविधिक दक्षताओं और नैदानिक अर्हताओं के पूर्ण होने पर – 5 अंक

  ग) नैदानिक कार्य निष्पादन का निरंतर नैदानिक मूल्यांकन – 5 अंक

  घ) अंतिम अवलोकित अभ्यास परीक्षा (नैदानिक कार्य में वास्तविक निष्पादन) – 20 अंक

2. बाह्य/अंतिम परीक्षा – 150 अंक

ओएससीई – 50 अंक, अवलोकित अभ्यास – 100 अंक

विस्तृत दिशानिर्देश मार्गदर्शन पुस्तिका में दिए गए हैं।

परिशिष्ट–3

ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग कार्यक्रम में पोस्ट बेसिक डिप्लोमा के लिए नैदानिक लॉग बुक
(विशिष्ट कार्यविधिक दक्षताएं/नैदानिक कौशल)

क्र.सं.	विशिष्ट दक्षताएं/कौशल	संपादित/सहायता प्रदान/अवलोकन किए गए – संख्या (पी/ए/ओ)	संकाय/ प्रीसेप्टर के हस्ताक्षर एवं दिनांक
I	**ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग के मूल**		
1	रोगी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना	पी	
2	सर्जरी करवा रहे रोगियों के परिजनों हेतु शिक्षण योजना	पी	
3	नर्सिंग अधिकारियों/स्टाफ नर्सों के लिए ड्यूटी रोस्टर तैयार करना	पी	
4	साहित्यिक समीक्षा लेखन/व्यवस्थित समीक्षा (साक्ष्य आधारित नर्सिंग मध्यवर्तन/प्रथाओं की पहचान करना)	पी	
5	प्रकाशन/पेपर प्रेजेंटेशन के लिए पांडुलिपि तैयार करना	पी	
6	सामूहिक शोध परियोजना विषयः	पी	
II	**ऑपरेशन रूम स्पेशियलिटी नर्सिंग**		
7	**स्वास्थ्य आंकलन**		
7.1	सर्जरी करवा रहे वयस्क रोगियों के पूर्ववृत्त की जानकारी लेना और शारीरिक परीक्षण करना	पी	
7.2	सर्जरी करवा रहे षिषु रोगियों के पूर्ववृत्त की जानकारी लेना और शारीरिक परीक्षण करना	पी	
8	**नैदानिक प्रक्रियाएं**		
8.1	आईसीपी मॉनिटरिंग	ए	
8.2	आर्टिरियल ब्लड गैस	ए	
8.3	ईसीजी रिकॉर्डिंग	ए	
8.4	आर्टिरियल कैथेटराइजेशन	ए	
8.5	चेस्ट ट्यूब इंसर्शन	ए	
8.6	एंडोस्कोपी	ए	
8.7	इंट्रा वीनस फाइटोग्राफी (आईवीपी)	ए	
8.8	ईईजी	ए	
8.9	ब्रोंकोस्कोपी	ए	
9	**थेराप्यूटिक प्रोसीजर्स**		
9.1	सेंट्रल लाइन	ए	
9.2	आर्टिरियल लाइन	ए	
9.3	आर्टिरियल बीपी मॉनिटरिंग	पी	
9.4	पल्स ऑक्सीमेट्री	पी	
9.5	एबीजी कलेक्शन	ए	
9.6	एयरवे प्रबंधन		
9.7	ओरो फैरिंजियल एयरवे का अनुप्रयोग	पी	
9.8	ऑक्सीजन थेरेपी	पी	
9.9	सीपीएपी (कंटीन्यूअस पॉजिटिव एयरवे प्रेशर)	ए	
9.10	एंडोट्रैकियल इंट्यूबेशन	ए	

क्र.सं.	विशिष्ट दक्षताएं/कौशल	संपादित/सहायता प्रदान/अवलोकन किए गए – संख्या (पी/ए/ओ)	संकाय/ प्रीसेप्टर के हस्ताक्षर एवं दिनांक
9.11	वेंटिलेटर – स्थापना और निगरानी	ए	
9.12	नेबुलाइजेशन	पी	
9.13	कार्डियक पेसिंग	ए	
9.14	हीमोडायलिसिस	ए	
9.15	पेरिटोनियल डायलिसिस	ए	
9.16	ओरोगैस्ट्रिक ट्यूब इंसर्शन	पी	
9.17	ड्रग एडमिनिस्ट्रेषन (औषधि देना)		
9.18	इंट्रामस्कुलर	पी	
9.19	इंट्रावीनस	पी	
9.20	आईवी कैनुलेशन	पी	
9.21	इन्फ्यूजन पंप लगाना और उपयोग में लाना	पी	
9.22	फ्लूइड थेरेपी की मॉनिटरिंग	पी	
10	**आपातकालीन प्रबंधन**		
10.1	डिफिब्रिलेटर का उपयोग	ए	
10.2	कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन	ए	
10.3	एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट	ए	
11	**इंट्राऑपरेटिव**		
11.1	सर्जिकल प्रक्रिया के लिए ट्रे और ट्रॉली का सेटअप		
11.1.1		पी	
11.1.2		पी	
11.1.3		पी	
11.1.4		पी	
11.1.5		पी	
11.1.6		पी	
11.1.7		पी	
11.1.8		पी	
11.1.9		पी	
11.1.10		पी	
11.2	स्किन प्रिपरेशन	पी	
11.3	ड्रेपिंग और पोजिशनिंग	पी	
11.3.1		पी	
11.3.2			
11.3.3			
11.3.4			
11.3.5			
12	**सर्जिकल प्रक्रियाओं में सहायता करना**		
12.1	जनरल सर्जरी	पी	
12.2	ऑर्थोपेडिक्स	पी	
12.3	प्रसूति एवं स्त्री रोग	पी	
12.4	ईएनटी	पी	
12.5	यूरोलॉजी	पी	

क्र.सं.	विशिष्ट दक्षताएं/कौशल	संपादित/सहायता प्रदान/अवलोकन किए गए – संख्या (पी/ए/ओ)	संकाय/ प्रीसेप्टर के हस्ताक्षर एवं दिनांक
13	स्क्रब नर्स	पी	
14	सर्कुलेटरी नर्स	पी	
15	टेबल से रोगी का स्थानांतरण करना	पी	
16	डिस्पोजेबल पैक का उपयोग	पी	
17	**संक्रमण नियंत्रण**		
17.1	हाथों की स्वच्छता	पी	
17.2	कीटाणुशोधन	पी	
17.3	स्टेरिलाइजेशन	पी	
17.4	जैवचिकित्सीय अपषिष्ट की संभाल/निपटना	पी	
17.5	निगरानी	ए	
17.6	धूमन	ए	
18	घाव प्रबंधन	पी	
19	नमूने की देखभाल	पी	
20	रक्ताधान	पी	
21	इंटरकोस्टल ड्रेनेज की देखभाल	पी	
22	गंभीर रूप से बीमार रोगियों की निगरानी	पी	
23	थर्मोरेगुलेशन – हाइपोथर्मिया मशीनों का प्रबंधन और उपयोग	पी	
24	दस्तावेजीकरण और रिकॉर्ड रखना	पी	

*छात्र के कौशल प्रदर्शन करने के लिए सक्षम पाए जाने पर इस पर संकाय द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

छात्रः छात्रों से सूचीबद्ध कौशल/दक्षताओं का संपादन बार–बार करना तब तक अपेक्षित है जब तक कि वे स्तर–3 की दक्षता तक नहीं पहुंच जाते हैं, उसी के बाद संकाय द्वारा प्रत्येक दक्षता के समक्ष हस्ताक्षर किए जाएंगे।

संकायः यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि छात्रों के स्तर–3 तक पहुंचने पर ही प्रत्येक दक्षता के समक्ष हस्ताक्षर किए जाएं।

- स्तर–3 की योग्यता दर्शाती है कि छात्र बिना किसी पर्यवेक्षण के उस दक्षता का संपादन करने में सक्षम है।
- स्तर–2 की योग्यता दर्शाती है कि छात्र पर्यवेक्षण के साथ प्रत्येक दक्षता का संपादन करने में सक्षम है।
- स्तर–1 की योग्यता दर्शाती है कि छात्र पर्यवेक्षण के साथ भी उस कौशल/दक्षता का संपादन करने में सक्षम नहीं है।

परिशिष्ट–4

नैदानिक अर्हताएं

क्र.सं.	नैदानिक अर्हताएं	दिनांक	संकाय/प्रशिक्षक के हस्ताक्षर
1	**स्वास्थ्य परिचर्या (डे केयर)**		
1.1	विषयः		
1.2	विषयः		
2	**रोगी/परिजनों को परामर्श देना** परामर्श रिपोर्ट–1		
3	**स्वास्थ्य आंकलन**		
3.1	वयस्क		

क्र.सं.	नैदानिक अर्हताएं	दिनांक	संकाय/प्रशिक्षक के हस्ताक्षर
3.2	षिषु		
3.3	नवजात आंकलन		
4	**जर्नल क्लब/नैदानिक संगोष्ठी** विषयः		
5	**केस स्टडी/नैदानिक प्रस्तुति और रिपोर्ट** (नर्सिंग/इंटरडिसप्लिनरी राउंड्स)		
5.1	वयस्क		
5.2	शिशु		
6	**औषधि अध्ययन, प्रस्तुति और रिपोर्ट**		
6.1			
6.2			
6.3			
6.4			
7	**ऑपरेशन रूम की रूपरेखा तैयार करना**		
8	**दौरे – रिपोर्ट**		
8.1			
8.2			

कार्यक्रम समन्वयक/संकाय के हस्ताक्षर **विभागाध्यक्ष/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर**

परिशिष्ट–5

नैदानिक अनुभव विवरण

नैदानिक क्षेत्र का नाम	नैदानिक अवस्था	देखभाल प्रदान किए गए दिनों की संख्या	संकाय/प्रशिक्षक के हस्ताक्षर

कार्यक्रम समन्वयक/संकाय के हस्ताक्षर विभागाध्यक्ष/प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर

डॉ. टी. दिलीप कुमार, अध्यक्ष

[विज्ञापन-III/4/असा./404/2026-27]

INDIAN NURSING COUNCIL

NOTIFICATION

New Delhi, the 19th October, 2026

F.No. 11-1/2026 (II)- INC.— In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 16 of Indian Nursing Council Act, 1947 (XLVIII of 1947), as amended from time to time, the Indian Nursing Council hereby makes the following regulations, namely: —

1. SHORT TITLE AND COMMENCEMENT

i. These Regulations may be called **Indian Nursing Council (Post Basic Diploma in Operation Room Specialty Nursing - Residency Program) Regulations, 2026.**

ii. These Regulations shall come into force on the date of notification of the same in the Official Gazette of India.

2. DEFINITIONS

In these Regulations, unless the context otherwise requires,

i. 'the Act' means the Indian Nursing Council Act, 1947 (XLVIII of 1947) as amended from time to time;

ii. 'the Council' means the Indian Nursing Council constituted under the Act;

iii. 'SNRC' means the State Nurse and Midwives Registration Council, by whichever name constituted, by the respective State Governments;

iv. 'RN & RM' means a Registered Nurse and Registered Midwife (RN & RM) and denotes a nurse who has completed successfully, recognised Bachelor of Nursing (B.Sc. Nursing) or Diploma in General Nursing and Midwifery (GNM) course, as prescribed by the Council and is registered in a SNRC as Registered Nurse and Registered Midwife;

v. 'Nurses Registration & Tracking System (NRTS)' means a system developed by the Council and software developed in association with National Informatics Centre (NIC), Government of India, and hosted by NIC for the purpose of maintenance and operation of the Indian Nurses Register. It has standardised forms for collection of the data of Registered Nurse and Registered Midwife (RN & RM)/Registered Auxiliary Nurse Midwife (RANM)/Registered Lady Health Visitor (RLHV) upon Aadhar based biometric authentication;

vi. 'NUID' is the Nurses Unique Identification Number given to the registrants in the NRTS system;

vii. 'General Nursing and Midwifery (GNM)' means Diploma in General Nursing and Midwifery qualification recognized by the Council under Section 10 of the Act and included in Part-I of the Schedule of the Act.

POST BASIC DIPLOMA IN OPERATION ROOM SPECIALTY NURSING - RESIDENCY PROGRAM

I. INTRODUCTION

